मा0 विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री लाल बिहारी यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तरालेख्य ।

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 4- (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि सेक्टर-डी प्रियदर्शिनी कालोनी, सीतापुर रोड लखनऊ के सामने अवैध अतिक्रमण होने के कारण स्थानीय नागरिकों/राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है? | सेक्टर-डी प्रियदर्शिनी कालोनी, सीतापुर रोड लखनऊ के सामने अवैध अतिक्रमण, झुग्गी-झोपड़ी जो कि ग्रीन बेल्ट की भूमि पर बसी थी, को दिनांक 15.11.2022 को स्थानीय पुलिस बल की सहायता से हटा दिया गया है। |
| (ख) क्या उक्त के संबंध में डा0 नीरज बोरा, सदस्य विधान सभा द्वारा भी दिनांक 24 अगस्त, 2022 को उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ को सम्बोधित पत्र भी प्रेषित किया गया है? | जी नहीं। मा0 नीरज बोरा, सदस्य विधान सभा का पत्र दिनांक 02.08.2022 लखनऊ विकास प्राधिकरण (ल0वि0प्रा0) में दिनांक 26.08.2022 को प्राप्त हुआ। |
| (ग) यदि हॉ, तो क्या उक्त अवैध अतिक्रमण को हटवाते हुए रोड का निर्माण करा दिया गया है? | सेक्टर-डी प्रियदर्शिनी कालोनी, सीतापुर रोड लखनऊ के सामने अवैध अतिक्रमण, झुग्गी-झोपड़ी जो कि ग्रीन बेल्ट की भूमि पर बसी थी, को दिनांक 15.11.2022 को स्थानीय पुलिस बल की सहायता से हटा दिया गया है। ग्रीन बेल्ट की भूमि से अतिक्रमण हटाने के उपरान्त ग्रीन बेल्ट की भूमि पर सड़क निर्माण लेआउट में प्रस्तावित नहीं है तथा सेक्टर-डी, प्रियदर्शिनी कालोनी में सड़कों, नालियां तथा पार्को के सुधार का कार्य (अवस्थापना निधि) वर्ष 2018-19 में करा दिया गया है।<br>यह भी अवगत कराना है कि प्रियदर्शिनी योजना, सीतापुर रोड की समस्त सेवायें दिनांक 28.04.2008 को नगर निगम, लखनऊ को हस्तगत की जा चुकी है। |
| (घ) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ड़) कब तक उक्त अवैध अतिक्रमण को हटवाते हुए वहॉ पर रोड का निर्माण करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री**

Q--Tippani